This question paper contains 3 printed pages]

**Roll No.** | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **4076**

Unique Paper Code : **2051002005**

Name of the Paper : **Hindi E : Compulsory Hindi Syllabus (CHS)**

Name of the Course : **Common Prog. Group (AEC)-Hindi-E**

Semester : **IV**

Duration : **2 Hours** Maximum Marks : **60**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

1. निम्नलिखित शब्दों में आवश्यक स्थान पर अनुस्वार अथवा अनुनासिक का प्रयोग करते हुए इन्हें पुनः लिखिए : 6

पकज, गाव, दवाइया, अक, कुआ, सपत्ति।

2. निम्नलिखित में से **छः** विदेशी ध्वनियों वाले शब्दों को पहचान कर लिखिए : 6

कॉलेज, कलेजा, ज़मीन, दाँत मॉल, सज़ा, केवल, मैदान, फूल, फ़ालूत, चॉकलेट, खत।

3. निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थानों पर विराम चिह्न लगाकर पुनः लिखिए : 6

(*i*) मेले में बच्चे बड़े सभी थे

(*ii*) तुम्हारी परीक्षा कब आरम्भ होगी

(*iii*) मजदूर क्षमा माँगता रहा मालिक उसे डाँटता रहा

P.T.O.

4. निम्नलिखित वाक्यों को हिंदी की वाक्य संरचना के अनुसार व्यवस्थित कीजिए : 6

(i) रहा है वह उड़ा पतंग

(ii) लौटा दी मुझे उसने पुस्तक

(iii) महान आज लेखक प्रेमचंद कहानी की पढ़ी मैंने

(iv) है बड़ा यह घर बहुत

(v) परिचय मेरा उससे हुआ धीरे-धीरे

(vi) है पढ़ती पुस्तक रीना

5. मॉल में खरीदारी करते हुए, होने वाले संवाद को लिखिए। 6

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** का वर्णन 100 शब्दों में लिखिए : 10

(i) किसी बस अड्डे का वर्णन

(ii) किसी प्राकृतिक स्थल की यात्रा

7. किसी बाल कहानी के संवाद 100 शब्दों में लिखिए। 10

**अथवा**

वसंतोत्सव पर 100 शब्दों में निबन्ध लिखिए।

8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

एक प्रसिद्ध कवि व नाटककार का कथन है—"समय को मैंने नष्ट किया, अब समय मुझे नष्ट कर रहा है।" मनुष्य का जीवन अमूल्य है। संसार में समय भी अमूल्य है। समय किसी की प्रतीक्षा नहीं करता। प्रकृति के समस्त कार्य नियत समय पर होते हैं। समय की गति अति तीव्र होती है। जो व्यक्ति

समय के साथ नहीं चल सकता, वह जीवन की दौड़ में पिछड़ जाता है। अतः आवश्यकता है समय के सदुपयोग की। समय वह धन है, जिसका सदुपयोग न करने से वह व्यर्थ चला जाता है। बहुत से व्यक्ति समय गँवाने में ही आनंद का अनुभव करते हैं। यह प्रवृत्ति हानिकारक है। समय को खोकर कोई व्यक्ति सुखी नहीं रह सकता है। जूलियस सीजर सभा में पाँच मिनट देर से पहुँचा और अपने प्राणों से हाथ धो बैठा। अपनी सेना के कुछ मिनट देर से पहुँचने के कारण नेपोलियन को नेल्सन से पराजित होना पड़ा। समय किसी की बाट नहीं देखता।

(*i*) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(*ii*) समय को अमूल्य क्यों कहा जाता है ?

(*iii*) जीवन में किस प्रकार के व्यक्ति सफल होते हैं ?

(*iv*) 'प्राणों से हाथ धो बैठना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(*v*) समय को खोकर कोई व्यक्ति सुखी क्यों नहीं रह सकता है ?